**भारत सरकार**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश, शिमला**

# हिंदी समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

**दिनांक: 18-मई-2024**

---

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

उक्त उद्देश्य से राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही हिंदी कार्यशाला का आयोजन 01-अप्रैल-2024 से 30-जून-2024 के दौरान दिनांक 18-मई-2024 को राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य के समस्त जिला केंद्रों तथा अन्य कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो सम्मेलन के माध्यम से कार्यशाला की बैठक में उपस्थित हुए।




**श्री अजय सिंह चैहल जी, उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**


हिंदी कार्यशाला के आयोजन की सूचना पूर्व में ही समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमेल के माध्यम से दे दी गयी थी।

### हिंदी समिति की बैठक

सर्वप्रथम कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल जी एवं समिति के तीन सदस्यों श्री विनोद कुमार गर्ग, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी एवं यह पाया गया, कि राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।

### हिंदी कार्यशाला

हिंदी समिति की बैठक के तत्पश्चात एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन पूर्व निर्धारित समयानुसार कार्यालय के वीडियो सम्मलेन कक्ष में पूर्वाह्न 10:30 बजे आरम्भ किया गया। जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया तथा जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ़्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के आरंभ में राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय द्वारा राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया एवं राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।




**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त अधिकारी व कर्मचारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

कार्यशाला के दौरान राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी, हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी में किए जा रहे कार्यों पर उनके सुझाव मांगे। जिस पर विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे, एवं हिंदी में किए जा रहे कार्य की कार्यप्रणाली के संदर्भ में चर्चा की एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय का मार्गदर्शन प्राप्त किया। तत्पश्चात् राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी महोदय ने राज्य में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की, साथ ही चुनाव संबंधी कार्यों पर विभिन्न जिला सूचना-विज्ञान अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त पत्रों में उपयोग में लायी जाने वाली नोटिंग के विषय में चर्चा की गयी एवं ई-ऑफिस के माध्यम से पत्र व्यवहार की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गयी।

## राजभाषा हिंदी के माध्यम से 'मई दिवस'' विषय पर व्याख्यान

श्री ब्रिजेंदर कुमार डोगरा, जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी, कुल्लू द्वारा 'मजदूर दिवस' विषय पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होंने मजदूर दिवस के इतिहास एवं इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार मजदूरों का शोषण किया जाता था एवं उनसे सूर्योदय से सूर्यास्त तक कार्य कराया जाता था। जिसका विरोध करते हुए मजदूरों ने इसका विरोध किया तथा अपने अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया। इसी प्रकार किए गए आंदोलनों के कारण आज मजदूरों की स्थिति में सुधार आया है। इसी संघर्ष की याद में 01 मई को प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस या मई दिवस के रूप में मनाया जाता है।




हिंदी कार्यशाला के दौरान व्याख्यान देते हुए श्री ब्रिजेंदर डोगरा जी

## मोबाइल ऐप पर बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

इसके पश्चात् कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश द्वारा बनाए गए 'हिंदी-बोध' मोबाइल ऐप के माध्यम से दो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी के सामान्य प्रश्नों के साथ-साथ व्याख्यान में दी गयी जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक प्रतियोगिता में 12 प्रश्न पूछे गए, जिसमें 36 अधिकारियों ने भाग लिया तथा दोनों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में प्रश्नों के उत्तर देने की समय सीमा को अलग-अलग तरीके से प्रतियोगिताओं में डाला गया।

## प्रथम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | श्री विजय कुमार गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| द्वितीय | श्री अक्षय मेहता | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, जिला केंद्र कांगड़ा |
| तृतीय | श्री भुपिंदर सिंह | वैज्ञानिक-डी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, जिला केंद्र ऊना |

## द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम:

| स्थान | प्रतिभागी का नाम | पद | नियुक्ति का स्थान |
|---|---|---|---|
| प्रथम | कु. अंकिता मिश्रा | वैज्ञानिक-बी | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| द्वितीय | श्री हिमांशु गुप्ता | स्टेनोग्राफर ग्रेड-III | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र |
| तृतीय | श्री अखिलेश भारती | वैज्ञानिक-ई | राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, जिला केंद्र मंडी |

## हिंदी संगोष्ठी

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के दौरान हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल जी, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने राजभाषा के विषय में अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं एवं अन्य गतिविधियां जारी रहनी चाहिए। संगोष्ठी के दौरान राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने और इसे अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे, जोकि भविष्य में राजभाषा हिंदी कार्यशाला व संगोष्ठी को अधिक कारगर और रोचक बनाने में मदद करेंगे।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिनभर जारी रहा, एवं राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय में राजभाषा हिंदी के शत-प्रतिशत प्रयोग हेतु अपने-अपने विचार रखे एवं अपने-अपने अनुभवों को साझा किया, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहे। राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी द्वारा विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी संबंधी कार्य में आने वाली बाधाओं के बारे में चर्चा की एवं उनके समाधान हेतु मार्गदर्शन किया, तथा राज्य सूचना-विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। आगामी कार्यशाला के दौरान विषय विशेष पर व्याख्यान प्रस्तुती की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए श्री मोहन राकेश अग्रवाल व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

## दिनांक 17-02-2024 को हिंदी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी:

| | | |
|---|---|---|
| **राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, हिमाचल प्रदेश राज्य केंद्र** | | |
| 1 | श्री अजय सिंह चैहल | राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी / वैज्ञानिक-जी |
| 2 | श्री संदीप सूद | वैज्ञानिक-एफ |
| 3 | श्री संजय कुमार | वैज्ञानिक-एफ |
| 4 | श्री संजय शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 5 | श्री विजय कुमार गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 6 | श्री विमल कुमार शर्मा | वैज्ञानिक-एफ |
| 7 | श्री दलजीत सिंह राणा | वैज्ञानिक-ई |
| 8 | श्री संजय ठाकुर | वैज्ञानिक-ई |
| 9 | श्री आशीष शर्मा | वैज्ञानिक-डी |
| 10 | श्री मंगल सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| 11 | श्री मुकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी |
| 12 | श्री सर्वजीत कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 13 | श्री सी.एल. कश्यप | वैज्ञानिक-सी |
| 14 | श्रीमती वंदना संख्यान | वैज्ञानिक-सी |
| 15 | श्री पृथ्वी राज | वैज्ञानिक-सी |
| 16 | कु. अंकिता मिश्रा | वैज्ञानिक-बी |
| 17 | श्री रामनारायण यादव | वैज्ञानिक-बी |
| 18 | श्री शंकर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 19 | श्री हमेन्दर लाल | वरिष्ठ सचिवालय सहायक |
| 20 | श्री हिमांशु गुप्ता | स्टेनोग्राफर ग्रेड-III |
| 21 | श्री दीपक कुमार | एम.टी.एस. |
| **हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय कार्यालय** | | |
| 22 | श्रीमति मोनिका | वैज्ञानिक-बी |
| 23 | श्री जितेन्द्र शर्मा | वैज्ञानिक अधिकारी - एस.बी. |
| **जिला केंद्र, बिलासपुर** | | |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | श्री राकेश कुमार | वैज्ञानिक-डी |
| जिला केंद्र, हमीरपुर | | |
| 25 | श्री विनोद कुमार गर्ग | वैज्ञानिक-एफ |
| 26 | श्री अनुराग गुप्ता | वैज्ञानिक-ई |
| जिला केंद्र, कांगड़ा | | |
| 27 | श्री भुपिंदर पाठक | वैज्ञानिक-एफ |
| 28 | श्री अक्षय मेहता | वैज्ञानिक-ई |
| जिला केंद्र, किन्नौर | | |
| 29 | श्री बलवान सिंह | वैज्ञानिक-डी |
| जिला केंद्र, कुल्लू | | |
| 30 | श्री ब्रिजेंदर कुमार डोगरा | वैज्ञानिक-ई |
| 31 | श्री संजय गुप्ता | वैज्ञानिक-ई |
| जिला केंद्र, लाहौल-स्फीति | | |
| 32 | श्री जगदीप | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| जिला केंद्र, मंडी | | |
| 33 | श्री अखिलेश भारती | वैज्ञानिक-ई |
| जिला केंद्र, शिमला | | |
| 34 | श्री पंकज गुप्ता | वैज्ञानिक-एफ |
| 35 | श्री दीपक कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| जिला केंद्र, सिरमौर | | |
| 36 | श्री मोहन राकेश अग्रवाल | वैज्ञानिक-डी |
| जिला केंद्र, सोलन | | |
| 37 | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 38 | श्री स्वेतंश शतक | वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-ए |
| जिला केंद्र, ऊना | | |
| 39 | श्री संजीव कुमार | वैज्ञानिक-सी |
| 40 | श्री भुपिंदर सिंह | वैज्ञानिक-डी |